श्री महावीर महाअर्चना

लेखक

आचार्य प्रज्ञसागर मुनि

प्रसङ्ग

भगवान महावीर 2550वाँ निर्वाण महोत्सव

प्रकाशक

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति (रजि.)

श्री महावीर महाअर्चना

लेखक

आचार्य प्रज्ञसागर मुनि

सम्पादक	:	स्वस्तिश्री सुरेन्द्रकीर्ति स्वामी (पीठाधीश विद्यानंद गुरूकुलम्)
पुण्यार्जक	:	जैन सभा लोधी कॉलोनी (रजि.) (पावन वर्षायोग 2023 के उपलक्ष्य में)
संस्करण	:	2100 प्रतियाँ (23 जुलाई 2023)
पावन प्रसंग	:	भगवान महावीर 2550वाँ निर्वाण महोत्सव
प्रकाशक	:	भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति (रजि.)
प्राप्ति स्थान	:	श्री दिगम्बर जैन रत्नत्रय जिनमंदिर, सैक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली मो. 8595972319, 9625184042
मूल्य	:	108 दिवसीय महाअर्चना

मुद्रक : अंकित जैन 'प्रिंस' (पुलक ग्राफिक्स)
शाहदरा, दिल्ली–32, मो. 9810900699, 9810900042

Shree Mahaveer Maha Archana By : Acharya Pragy Sagar

विषयानुक्रमणिका...

1.	आद्यमिताक्षर	04
2.	परम्पराचार्य श्री प्रज्ञसागर जी मुनिराज (संक्षिप्त परिचय)	05
3.	महावीर स्तवनम्	07
4.	मंगल पाठ	08
5.	णमोकार पाठ	08
6.	स्वस्ति तीर्थंकर पाठ	09
7.	श्री महावीर स्वामी पूजा	10
8.	श्री महावीर महाअर्चना	14
9.	वर्धमान मंत्र	38
10.	समुच्चय महाअर्घ्य पाठ	39
11.	शान्ति पाठ	40
12.	विसर्जन पाठ	41
13.	महावीराष्टक दीपार्चनम् (9 दीपकों द्वारा)	42
14.	महावीर दीपार्चन आरती	45
15.	भगवान महावीर आरती	46
16.	वीर प्रार्थना	47
17.	श्री महावीर देशना	48

आद्यमिताक्षर

स्त्रोत, स्तुति, भजन, विनती, भावना आदि आत्मिक भक्ति की अभिव्यक्ति है। अपने आराध्य के प्रति मन में जब महिमा प्रकट होती है तो वह वचन और काया से भी व्यक्त हो जाया करती है। भक्ति भक्त को परमात्मा से सीधे जोड़ती है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा अन्दर प्रवाहमान होने लगती है। दिल और दिमाग एक हो जाता है। शरीर पूर्ण स्वस्थता को प्राप्त हो जाता है।

व्यवहार भक्ति के माध्यम से निश्चय भक्ति के द्वारा अजरता-अमरता का अमृतानन्द रूप झरना अन्दर बहने लगता है।

पूज्य गुरुदेव **राष्ट्रसंत परम्पराचार्य श्री प्रज्ञसागर जी मुनिराज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का 2550 वाँ निर्वाण महोत्सव** राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। जनसाधारण में महती प्रभावना के लिए पूज्य गुरुदेव ने अभी तक अनेकों कार्य किये हैं।

सभी लोग प्रभु से जुड़ सके इस हेतु श्री दिगम्बर जैन मन्दिर लोधी रोड़ में **'श्री महावीर महाअर्चना'** की सुन्दर रचना की है, जिसमें 108 अर्घ्य द्वारा महावीर भगवान के गुणानुवाद किया गया है। हर मंदिर-हर घर में श्री वीर प्रभु की महाअर्चना हो इस उद्देश्य से यह रचना की गई है। मुझे विश्वास है कि सभी भक्तगण इस महाअर्चना का लाभ लेंगे, पुण्य कमायेंगे।

–मुनि विनिबोध सागर

परम्पराचार्य श्री प्रज्ञसागर जी मुनिराज

(संक्षिप्त परिचय)

भारत देश की संस्कार धानी जबलपुर के पास स्थित एक गाँव कुम्भी सतधारा में शरद पूर्णिमा के पावन दिन 14 नवम्बर 1978 को श्रीमति मालती जी एवं श्रीमान खेमचन्द्र जी जैन के आंगन में एक नन्हें बालक ने जन्म लिया, मानो ऐसा प्रतीत हुआ कि बालक नहीं साक्षात चाँद ही धरती पर आ गया हो। दीपावली की पूर्णिमा में जन्म लेने से सभी ने बालक को दीपक कुमार के नाम से पुकारना शुरू कर दिया और प्यार से सभी (गुड्डू) पुकारने लगे। माता-पिता के ऐसे संस्कार पड़े कि पूर्णिमा का चाँद चमकता हुआ 15 सितम्बर 1996 को ग्रह त्याग कर संयम साधना के मार्ग पर निकल पड़ा।

ऐसा वैराग्य रहा कि बहन ज्योति, रोशनी, आरती किसी की नहीं सुनी और वैराग्य की राह पर बढ़ते हुए भिण्ड नगर की धरा पर मुकुट सप्तमी के

पावन दिन गणाचार्य श्री विराग सागर जी के चरणों में वस्त्र त्यागने का निर्णय किया, जिस आत्मा को वस्त्र भी भारी लगने लगे वह स्वभाविक ही महापुरुष ही होगा।

गुरुदेव का आशीष मिला और सम्पूर्ण वस्त्रों को त्यागकर मात्र एक लंगोट में ऐलक विकर्ष सागर नाम से जग में पहचाने लगे, फिर भी मन नहीं माना वैराग्य जो था। अब एक लंगोट भी शरीर को भारी लगने लगी। फिर 8 जून 2003, ललितपुर की पावनधरा में पुनः आचार्यश्री विराग सागर जी का आशीष मिला। 28 मूलगुणों को पालन करते हुए दिगम्बरत्व भेष को धारण कर सम्पूर्ण भारत में अहिंसादूत बन, भ्रमण करते हुए भारत की राजधानी में पदार्पण किया।

वहाँ पर एक महान तपस्वी जिन्होंने जैनधर्म को एक नई पहचान दी, राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यानंद जी महामुनिराज। उनके दर्शन किए और समर्पण भाव से शिक्षा प्राप्त की। समर्पण भाव को देखते हुए अक्षय तृतीया 16 मई 2010 ऋषभ बिहार दिल्ली में उपाध्याय पद के संस्कार आचार्य विद्यानंद जी गुरुदेव के कर कमलों से हुए और एक नए नाम उपाध्याय प्रज्ञसागर जी मुनिराज से जन-जन में पहचाने जाने लगे। गुरुदेव ने योग्यता देखी 29 जुलाई 2012 को एलाचार्य एवं 23 अप्रैल 2017 को आचार्य पद के संस्कार किए गए।

लेकिन पद मिलने के बाद भी गुरु भक्ति अपार रही तो गुरुदेव की कृपा फिर हुई और उन्होंने अपनी परम्परा का निर्वाहन करने की जिम्मेदारी दी। आज समपूर्ण विश्व राष्ट्रसंत, अंतेवासी, पट्टपरम्पराचार्य से जग में विख्यात है।

–अनिकेत जैन
(संघस्थ)

पं. आशाधर जी विरचित

श्री महावीर स्तवनम्

सन्मति-जिनपं सरसिज-वदनं, सञ्जनिताखिल-कर्म-कमथनम्।
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥1॥

वीर-भवोदधि-पारोत्तारं, मुक्ति-श्री-वधू नगर-विहारम्।
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥2॥

द्विर्द्वादशकं तीर्थ-पवित्रं, जन्माभिष-कृत-निर्मल-गात्रम् ॥
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥3॥

वर्धमान-नामाख्य-विशालं, मान-प्रमाण-लक्षण-दशतालम्।
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥4॥

शत्रु-विमथन-निकट-भट-वीरं, इष्टैश्वर्य-धुरी-कृत-दूरम ॥
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥5॥

कुण्डलपुरि सिद्धार्थ-भूपालं, तत्पत्नी प्रियकारिणि-बालम्।
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥6॥

तत्कुल-नलिन-विकाशित-हंसं, घाति-पुरोऽघातिक-विध्वंसम् ॥
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥7॥

ज्ञान-दिवाकर-लोकालोकं, निर्जित-कर्माराति-विशोकम्।
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥8॥

बालत्वे संयम-सुपालितं, मोह-महानल-मथन-विनीतम्।
पद्मसरोवर-मध्य-गजेन्द्रं, पावापुरि-महावीर-जिनेन्द्रम् ॥9॥

मंगल पाठ

मंगल मूर्ति परम पद, पंच धरौं नित ध्यान।
हरो अमंगल विश्व का, मंगलमय भगवान ॥1॥

मंगल जिनवर पद नमों, मंगल अर्हन्त देव।
मंगलकारी सिद्ध पद, सो वन्दों स्वयमेव ॥2॥

मंगल आचारज मुनि, मंगल गुरु उवझाय।
सर्व साधु मंगल करो, वन्दौं मन वच काय ॥3॥

मंगल सरस्वती मात का, मंगल जिनवर धर्म।
मंगल मय मंगल करो, हरो असाता कर्म ॥4॥

या विधि मंगल से सदा, जग में मंगल होत।
मंगल नाथूराम यह, भव सागर दृढ़ पोत ॥5॥

॥ पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि ॥

णमोकार पाठ

ॐ जय जय जय नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु।
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं॥

ॐ ह्रीं अनादिमूलमंत्रोभ्यो नमः (पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

चत्तारि मंगलं अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं,
साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं।
चत्तारि लोगुत्तमा–अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा,

साहू लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।
चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंते सरणं पव्वज्जामि,
सिद्धे सरणं पव्वज्जामि, साहू सरणं पव्वज्जामि,
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा (पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

अपराजित मंत्रोऽयं, सर्व - विघ्न - विनाशनः।
मंगलेषु च सर्वेषु, प्रथमं मंगलमं मतः ॥1॥
एसो पंच - णमोयारो, सव्व - पावप्पणासणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं होइ मंगलं ॥2॥

(पुष्पांजलि क्षिपामि)

स्वस्ति तीर्थंकर पाठ

श्रीवृषभो नः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअजितः।
श्रीसंभवः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअभिनंदनः ॥
श्रीसुमतिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीपद्मप्रभः।
श्रीसुपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीचन्द्रप्रभः ॥
श्रीपुष्पदंतः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीशीतलः।
श्रीश्रेयांसः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीवासुपूज्यः ॥
श्रीविमलः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअनन्तः।
श्रीधर्मः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीशान्तिः ॥
श्रीकुन्थुः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअरनाथः।
श्रीमल्लिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीमुनिसुव्रतः ॥
श्रीनमिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीनेमिनाथः।
श्रीपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीवर्द्धमानः ॥

(इति जिनेन्द्रस्वस्ति मंगलविधानं पुष्पांजलिं क्षिपामि)

पं. द्वीपचंद विरचित

श्री महावीर स्वामी पूजा

अच्युत स्वर्ग त्याग कर आप, त्रिशला माता गर्भ मँझार।
कुण्डपुरी सिद्धारथ नृप सुत, भए वीर तुम जगदाधार ॥
वय कुमार दीक्षा दैगम्बर, ले दुद्धर तप कियो अपार।
केवल लहि भवि भव-सर तारे, कर्म नाश भये शिव-भर्तार ॥1॥

(दोहा)

नाथ वंश नायक हरी-लक्षण चरम जिनेश।
आय तिष्ठ ममहृदय में, काटो कर्म कलेश ॥2॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर स्वामिन् अत्रावतरावतर संवौष्ठ (इत्याह्वानम्)।

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (इति स्थापनम्)।

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिन् अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट्
(इति सन्निधिकरणम्)।

(अथाष्टकम्)

मणिझारी प्रासुक जल लाय, पूजत जन्म जरा मृतु जाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरू हो ॥
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगदगुरू हो, जय जगनाथ जगद्गुरू हो ॥1॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय
जलं निर्वपामीति स्वाहा।

केशर सँग चन्दन घिसवाय, पूजत भव-आताप नशाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥2॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने संसार-ताप-विनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्ता-फल सम अक्षत लाय, पूजत जिन अक्षय पद पाया।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥3॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने अक्षय-पद-प्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

सुर तरू सम शुचि सुमन मँगाय, पूजत मन्मथ जाय-नशाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥4॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर-स्वामिने काम-बाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

शुचि नैवेद्य मधुर बनवाय, पूजत क्षुधा रोग मिट जाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥5॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने क्षुधा-रोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बाती घृत कपूर जराय, आरति करत मोह-तम जाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥6॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप सुगन्ध दशों दिशि छाय, खेवत अष्ट कर्म-जर-जाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥7॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने मम अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

घ्राण नयन रसना सुखदाय, फल से पूजूँ अमर फल पाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो□
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥8॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने महामोक्ष-फल-प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्घ किये वसु द्रव्य मिलाय, पूजत आवागमन नशाय।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो□
पूजूँ वीर महा अति वीर, वर्द्धमान सन्मति गुणधीर।
जगद्गुरु हो, जय जगनाथ जगद्गुरु हो ॥9॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर-स्वामिने अनर्घ्य-पद-प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(पञ्च कल्याणक अर्घ्य)

(दोहा)

सुदि आषाढ़ षष्ठी तिथी, त्रिशला गर्भ मँझार।
आए अच्युत स्वर्ग तज, हर्षे सुर नर-नार ॥1॥

ॐ ह्रीं अषाढ-शुक्ल-षष्ठभ्यां श्री महावीर-स्वामिने गर्भ-मङ्गल-प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चैत्र सुदी तेरस तिथी, जगजीवन सुखदाय।
वीर जन्म उत्सव कियो, सुरपति गिरिपति जाय ॥2॥

ॐ ह्रीं चैत्र-शुक्ल-त्रयोदश्यां वैशाली-कुण्डपुरे श्री महावीर-स्वामिने जन्म-मङ्गल-प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मंगसिर वदि दशमी लखें, जग-तन-भोग असार।
नवे आए तब देव ऋषि, वीर लियो तप धार ॥3॥

ॐ ह्रीं मार्गशीर्ष-कृष्ण-दशम्यां श्री महावीर-स्वामिने तपो-मङ्गल-प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सित बैसाख दशमि किये, घात घाति अरि वीर।
केवल लहि दे देशना, हरी जेत जिय पीर ॥4॥

ॐ ह्रीं वैशाख-शुक्ल-दशम्यां श्री महावीर-स्वामिने केवलज्ञान-मङ्गल-प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वदी अमावस कार्तिकी, दीपावली कद्दाय।
पावा वन हन शेष विधि, भए भुवन त्रय राय ॥5॥

ॐ ह्रीं कार्तिक-कृष्ण-अमावस्यायां पावा-नगरे श्री महावीर-स्वामिने मोक्षपद- मङ्गल-प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्य प्रज्ञसागर विरचित

श्री महावीर महाअर्चना

मंगलाचरण

महावीर जिनदेव नमि, अतिशय गुण विस्तार।
भाव सहित पूजा करूँ, शुद्ध त्रियोग संभार ॥
सिद्ध क्षेत्र पावापुरी, पाया पद निर्वाण।
महावीर भगवान को, शत-शत करूँ प्रणाम ॥

प्रथम वलय गुणावली

परमशांति मंगल तुम्हीं, आनंद के रस खान।
पाप नशे तुम पूजते, महावीर भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं परम मंगल शांति पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥1॥

मरण कष्ट को टार कर, अमर भये तुम वीर।
तातें में पूजा करूँ, बनूँ स्वयं महावीर ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अमर पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥2॥

विघ्न विनाशक वीर तुम, सबलनि सुख दातार।
सब संकट पल में कटे, तुम्हीं मुक्ति आधार ॥

ॐ ह्रीं अर्हं विघ्न विनाशक मुक्ति दातार पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥3॥

पतित बहुत पावन किये, जग में वीर महान।
जिन शासन की शान तुम, सदा नमूँ उर आन ॥

ॐ ह्रीं अर्हं पतितोद्धारक पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥4॥

लघु गुरु सब जीव के, रक्षक हैं वीरेश।
शरणागत प्रतिपाल कर, बने आप तीर्थेश ॥

ॐ ह्रीं अर्हं तीर्थेश पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥5॥

धर्मचक्र जग में फिरे, धर्मधुरा भगवान।
वीरधरम में जो रमे, पहुँचावे शिवथान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मधुरा पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥6॥

भव्य जीव पूजत चरण, पावे पद निरवाण।
भव सागर में न भ्रमें, पाकर तेरा थान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं पूज्य चरण पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥7॥

परम सुगुण से पूर्ण हो, मैं अवगुण की खान।
सब जीवन हितकार हो, महावीर भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं परम सुगुण पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥8॥

महाअर्घ्य

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्कैश्चरू-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः।
धवल-मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे महावीरमहं यजे ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टगुण प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः महाअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

द्वितीय वलय गुणावली

भोग विषय कषाय हैं, अन्तर शत्रु महान।
जीत लिया अरु जिन भये, नमूँ वीर भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं जिनपद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥1॥

राग, द्वेष अरु मोह को, जीत भये परधान।
ताते नाम जिनेन्द्र है, नमूँ वीर धरि ध्यान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं जिनेन्द पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥2॥

इन्द्रादिक पूजत चरन, पूँजत है तिहुं काल।
मुनि-गणधर श्रुतकेवली, नमत सदा धर भाल ॥

ॐ ह्रीं अर्हं त्रिलोक पूज्य पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥3॥

चउकर्मादिक नष्टकर, पाया पद जिनदेव।
ध्यान करे जो तुम विषे, वीर बने स्वयमेव ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अरहंत पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥4॥

नमत सुरासुर वीर पद, तीन काल धरि ध्यान।
शिर झुकाकर में नमूँ, पाने शिवसुख थान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं शिवसुख प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥5॥

ज्ञाता दृष्टा रूप तब, निज आतम विश्राम।
प्रकट करूँ यह रूप मम, बारम्बार प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं ज्ञाता दृष्टा स्वरूप प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥6॥

शाश्वत सुख की संपदा, शाश्वत आतमराम।
प्राप्त किया जिन वीर ने, तिनको करूँ प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वत सुख प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥7॥

दोष अठारह बीच में, घिरा पड़ा मैं देव।
दोष रहित मुझको करो, वीरप्रभु जिनदेव ॥

ॐ ह्रीं अर्हं नमः निर्दोष पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥8॥

चौसठ विद्या के धनी, तीन लोक के ईश।
वीर प्रभु की भक्ति में, झुका चरण में शीश ॥

ॐ ह्रीं अर्हं चतुषष्ठी ऋद्धि प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥9॥

सर्वलोक तारण तरण, सर्वलोक विख्यात।
वीर महा अतिवीर हैं, पूजत पाप नशात ॥

ॐ ह्रीं अर्हं तीर्थंकर पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥10॥

क्षय रहित अक्षय हुए, अक्षर सम भगवान।
भक्त चरण को पूँजते, निज आतम कल्यान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अक्षयपद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥11॥

इन्द्रिय वश करके किया, निर्मल शुद्धोपयोग।
वीर प्रभु के भक्त को, मिले आप संयोग ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अतीन्द्रिय पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥12॥

तीन लोक में ज्येष्ठ हो, वीर जिनेश्वर आप।
चरण शरण में बैठकर, करें आपका जाप ॥

ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठ पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥13॥

मंगल मूर्ति परम पद, वीतराग विज्ञान।
हरो अमंगल विश्व का, महावीर भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं महामंगल पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥14॥

लोकोत्तम जग में प्रभु, मधुर प्रिय वाणी।
सर्वोत्तम पद पा लिया, वर्द्धमान जिन स्वामी ॥

ॐ ह्रीं अर्हं लोकोत्तम पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः महाअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥15॥

जग अशरण है जानकर, कीना आतम ध्यान।
पूर्णज्ञान को प्राप्त कर, नमो पूज्य भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं उत्तमशरण पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥16॥

महाअर्घ्य

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्कैश्चरू-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः।
धवल-मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे महावीरमहं यजे ॥

ॐ ह्रीं अर्हं षोडशगुण प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः महाअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

तृतीय वलय गुणावली

कर्म जीतकर पा लिया, सिद्धालय का राज।
वीर प्रार्थना से मुझे, मिले मुक्ति का ताज ॥

ॐ ह्रीं अर्हं आत्म विजय पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥1॥

नमन करूँ महावीर को, परमागम को ध्याय।
सिद्धश्रुत भक्ति करूँ, शत-शत शीश नवाय ॥

ॐ ह्रीं अर्हं परमागम ज्ञान प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥2॥

महावीर के ज्ञान में, लोक अलोक झलकाए।
श्री सर्वज्ञ कहे सभी, चरनन शीश नवाए ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वज्ञ पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥3॥

नयनन पथगामी प्रभु, महावीर भगवान।
नयनो में विचरण करों, सदा वसो उर आन ॥

ॐ ह्रीं अर्हं ज्ञान नेत्र प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥4॥

नाम लेत शांति मिले, मन का ताप नशाय।
वीर दिव्य दीपक तुम्हीं, मेटो करम कषाय ॥

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्यज्ञान दीपक प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥5॥

रत्नत्रय को साधकर, वीर भये भगवान।
प्रकटे मुझमें भी यही, निज में निज परिणाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं रत्नत्रय धर्म प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥6॥

सर्वव्यापि परमातमा, विश्व पूज्य विख्यात।
वर्द्धमान को नित नमूँ, विनय सहित निज माथ ॥

ॐ ह्रीं अर्हं त्रिलोक पूज्य पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥7॥

जनम-मरण दुख जीतकर, जीवन मुक्त कहाय।
नमूँ वीर परमातमा, भवदुख सहज नशाय ॥

ॐ ह्रीं अर्हं जीवन मुक्त पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥8॥

परम धर्म उपदेश कर, प्रगटाया शिवधाम।
'सर्वोदय' जिन तीर्थ का, जग में बड़ा है नाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वोदय तीर्थ प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥9॥

मिथ्यातम को नाशकर, तत्वज्ञान प्रगटाय।
ऐसे प्रज्ञ महावीर की, वास करे उर आय ॥

ॐ ह्रीं अर्हं तत्त्वज्ञान प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥10॥

जहाँ न दुख का लेश है, जहाँ न मिथ्याज्ञान।
तुम विन कहीं न श्रेष्ठता, महावीर भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रेष्ठ पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥11॥

इन्द्रादिक पूजत चरन, वीर भक्ति उरधार।
मैं भी पूजन नित करूँ, जाने भव से पार ॥

ॐ ह्रीं अर्हं महाभक्ति प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥12॥

मुनि मन निर्मल तुम करो, तुम्हीं सुख के धाम।
तुमको अंजुलि जोड़कर, शत-शत करूँ प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्व सुख प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥13॥

तीन लोक हितकार हो, हृदय बड़ा विशाल।
भव्यों के आनंद तुम, वंदू दीनदयाल ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वानंद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥14॥

समता सुख में मगन है, राग, द्वेष न क्लेश।
साम्य भाव मैं भी धरूँ, बन जाऊँ वीरेश ॥

ॐ ह्रीं अर्हं समता सुख प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥15॥

दिव्यामृत गंगा तेरी, नित करती कल्लोल।
वीर प्रभु की वाणी से, अन्तस् के पट खोल ॥

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्यज्ञान प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥16॥

काया स्वर्ण समान है, चन्द्र समान है रूप।
वीर भक्ति जो भी करे, पावे आत्म स्वरूप ॥

ॐ ह्रीं अर्हं आत्मस्वरूप प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥17॥

पंचकल्याणक युक्त है, पंचम गति आसीन।
तुम गुण गण गावत सदा, मुनि गणधर प्रवीन ॥

ॐ ह्रीं अर्हं तवगुण प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥18॥

वीतराग सर्वज्ञ हैं, सर्वजीव हितकार।
महावीर भगवान ही, मुक्ति के दातार ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अरहंत पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥19॥

शुद्ध अनंत चतुष्ट गुण, धारण करे महान।
मन-वच-काया से नमूँ, स्वयं बनूँ भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंत चतुष्ट गुण प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥20॥

अनागार आगार के, उद्धारक महावीर।
जिन-जिन ने शरणा धरी, हरली भव की पीर ॥

ॐ ह्रीं अर्हं महाव्रत प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥21॥

तुम देवन के देव हो, महावीर भगवान।
चरणन रज पाने प्रभु, तुमपद करूँ प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं देवाधि देवपद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥22॥

ज्यों शशि किरण प्रकाश है, त्यों प्रभु निर्मल ज्ञान।
प्रणमूँ नित तव कमल पद, पाने केवलज्ञान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं केवलज्ञान प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥23॥

दुर्निवार है मोह बल, निज आतम बल तेज।
जीत लिया महावीर ने, पाया मोक्ष विशेष ॥

ॐ ह्रीं अर्हं मोक्षपद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥24॥

जिसका कभी न नाश हो, सो पायो आनन्द।
त्रिशला के महावीर ने, पाया सहजानन्द ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सहजानन्द प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥25॥

निज आतम में लीन है, साँचा जग में नाम।
सरव जीव तिहुं लोक के, नाथ करन परणाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं त्रिलोकेश्वर पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥26॥

धर्मचक्र सन्मुख चले, मिथ्यामल नशजात।
धर्म सभा नायक प्रभु, पूजत हम दिनरात ॥

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मचक्राधिपति पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥27॥

तुम समान नहिं देव है, तारण तरण जिहाज।
चरणाम्बुज सेवत सकल, जैन अजैन समाज ॥

ॐ ह्रीं अर्हं तारणतरण जिनदेव क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥28॥

चार संघ नायक प्रभु, देते मोक्ष प्रकाश।
पूजा सेवा नित करूँ, बनकर वीर का दास ॥

ॐ ह्रीं अर्हं चतुसंघ नायक पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥29॥

तीन लोक विख्यात हैं, तारण तरण जिहाज।
तुम सम कोई वीर ना, तुम सबके शिरताज ॥

ॐ ह्रीं अर्हं भव तारण-तरण प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥30॥

मिथ्यातम से अन्ध थें, सर्वलोक के जीव।
सम्यग्ज्ञान के दीप से, जग को किया प्रदीव ॥

ॐ ह्रीं अर्हं तत्त्वज्ञान प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥31॥

निज से निजका ध्यान कर, पाया मुक्तिधाम।
ऐसे श्री महावीर को, बारम्बार प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं मुक्तिधाम प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥32॥

महाअर्घ्य

उदक-चंदन-तंदुल-पुष्कैश्चरू-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः।
धवल-मंगल-गान-रवाकुले जिनगृहे महावीरमहं यजे ॥

ॐ ह्रीं अर्हं बत्तीसगुण प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चतुर्थ वलय गुणावली

मिथ्यामति सन्मति हुई, जग में बने महान।
सत्-सत् मति सन्मति बनूँ, बनूँ स्वयं भगवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सन्मति पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥1॥

अनंत चतुष्टय नित लखे, रहते आतम लीन।
भक्तिवश गुणथुति करूँ, पाने मोक्ष प्रवीन ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंत चतुष्टय गुण प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥2॥

प्रातिहार्य वसु सहित तुम, दिखते बड़े अभिराम।
प्रतिसमय अतिशय करे, आकरषन के धाम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अष्ट प्रातिहार्य प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥3॥

सोलह भावन भाव से, तीर्थंकर महावीर।
करम निर्जरा के लिए, कीना तप गंभीर ॥

ॐ ह्रीं अर्हं तीर्थंकर पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥4॥

जगत्बंधु करुणा सागर, जग जन के उद्धारक हो।
जिन शासन की महिमा के, सूरज सम परकाशक हो ॥

ॐ ह्रीं अर्हं धर्म प्रवर्तक पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥5॥

जिओ और जीने दो का, जगजन को संदेश दिया।
सत्य अहिंसा फैले जग में, भविजन को उपदेश दिया ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सत्य अहिंसा धर्म प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥6॥

वीर प्रभु निज शक्ति दो, धरूँ दिगम्बर भेष।
मोक्ष महल में वास कर, रहूँ सदा स्वदेश ॥

ॐ ह्रीं अर्हं दिगम्बर भेष प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥7॥

सुन्दर रूप मनोज्ञ है, मनवश सबका होये।
चरण वंदना वीर की, कर करमन को खोये ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सुन्दर स्वरूप प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥8॥

धर्म ध्वजा संसार में, करे वीर यशगान।
जो भवि शीश नमे चरण, सब जगको सुखदान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मध्वजा प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥9॥

सर्वोत्तम अतिश्रेष्ठ है, वर्द्धमान उपदेश।
धर्ममोक्ष मारग कहे, पूजत देश-विदेश ॥

ॐ ह्रीं अर्हं धर्म-मोक्ष सदोपदेश प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥10॥

दिनकर सम परकाश कर, शशि सम दुति स्वयमेव।
वर्द्धमान महावीर तुम, सब देवन के देव ॥

ॐ ह्रीं अर्हं परम देव पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥11॥

हितमित मिष्ट प्रिय वचन, अमृत रस प्रकटाय।
भविजन के तारण तरण, मैं वंदूँ तुम पाय ॥

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्यध्वनि प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥12॥

सर्वलोक कल्याण कर, आप बने महावीर।
करुणा के सागर प्रभु, हर लो भव की पीर।

ॐ ह्रीं अर्हं कल्याण पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥13॥

तीन लोक आराध्य हो, सरवसिद्धि दातार।
तुम सम कोन महान है, करते जग उद्धार ॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वसिद्धि प्रदायक क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥14॥

स्वयंबुद्ध तुम हो प्रभु, सब जन को संबोध।
पूज्य चरन से हमें मिला, अंतस् मन का शोध ॥

ॐ ह्रीं अर्हं स्वयंबुद्ध पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥15॥

तुम सम न बलवान है, जीता मोह प्रचण्ड।
अनंतबल धारी प्रभु, निश्चल अमल अखण्ड ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतबल प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥16॥

क्षुधा तृषा को आदि ले, मन में क्लेश महान।
नाश किये तुमने प्रभु, भोगत सुख निरवान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं निर्वाण पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥17॥

देह धार जीवन मुकत, महावीर भगवान।
चन्दन सम शीतल धरे, महा यतीश्वर जान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं महा यतीश्वर पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥18॥

नही ढिगें उपयोग से, शुद्ध धरे परिणाम।
महावीर्य धारक नमूँ, पाने आतमराम ॥

ॐ ह्रीं अर्हं शुद्धोपयोग प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥19॥

श्रावक या मुनिराज हो, धर्म आपसे वीर।
जिन-जिन ने पाला इसे, पाया भवदधि तीर ॥

ॐ ह्रीं अर्हं जिनधर्म प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय
श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥20॥

निज आतम नित रस लहो, करत उसी का भोग।
ऐसे सन्मति को नमूँ, मन वच काय तियोग ॥

ॐ ह्रीं अर्हं चैतन्य भोग प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥21॥

जग में देव बहु दिखे, तुमसा न भगवान।
वीतराग-सर्वज्ञ प्रभु, हित उपदेश महान ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अर्हत् पद प्राप्ताय क्लीं महाबीजाक्षर सहिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥22॥

द्रव्य-भाव-नोकरम से, नही परिणत हो आप।
निज स्वरूपाचरण में, करते आतम जाप ॥

